**संख्या-73/2015/1026/78-2-2015-38आई.टी./2015**

प्रेषक,

जी0एस0 प्रियदर्शी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव,
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य/माध्यमिक शिक्षा/अल्प संख्यक कल्याण/कृषि/ग्राम्य विकास/श्रम/ऊर्जा/सचिवालय मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय विभाग, उ0प्र0 शासन।

**आई.टी. एवं इलेक्टानिक्स अनुभाग-2** **लखनऊ: दिनांक: 30 जून, 2015**

**विषयः मा0 मुख्यमंत्री कार्यालय हेतु मेगा कॉल सेन्टर परियोजनान्तर्गत नोडल अधिकारी के नामांकन कराए जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-731/78-2-2015-38आई.टी./2015 दिनांक 11.06.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विभाग/अधिष्ठान से किसी एक सक्षम स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनके विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, जो अभी तक अप्राप्त है।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने विभाग/अधिष्ठान से किसी एक सक्षम स्तरीय अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित करते हुए उनके विवरण/दूरभाष नम्बर आदि उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट सिस्टम्स कारपोरेशन लि0(यूपीडेस्को) अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ को उच्च प्राथमिकता पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि यूपीडेस्को एवं कन्सल्टेंट संस्था को विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित सूचनाओं, मेगा कॉल सेन्टर के संचालन में प्रारम्भिक स्तर पर कॉल सेंटर एक्जक्यूटिव्स/रिसोर्सेज को सम्बन्धित योजनाओं के बारे में प्रशिक्षण एवं प्रश्नावली निर्धारण/अनुमोदन आदि के लिए सम्पर्क सूत्र/सिंगल प्वाइंट आफ कान्टैक्ट की व्यवस्था अतिशीघ्र उपलब्ध हो सके। प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु गठित प्रोजेक्ट मॉनीटरिंग ग्रुप से आच्छादित है।

भवदीय,

(जी0एस0 प्रियदर्शी)
विशेष सचिव

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

**संख्याः73/2015/1026(1)/78-2-2015 तददिनाँक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी (श्री पार्थ सारथी सेन शर्मा)।
2. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यूपीएलसी।
4. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महेन्द प्रसाद भारती)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।